पत्र संख्या–09 / नामांकन–02–05 / 2017......351 (9)

**झारखंड सरकार**

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।**

प्रेषक,

**आनन्द कुमार सिन्हा,**
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**परीक्षा नियंत्रक,**
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद,
सिरखा टोली, तुपुदाना रोड़, नामकुम, राँची।

राँची, दिनांक......11.09.2025

विषय : NEET(UG)-2025 **परीक्षाफल के आधार पर शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु नेताजी सुभाष चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, आदित्यपूर, सरायकेला–खरसाँवा में सीटों की विवरणी के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नेताजी सुभाष चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, आदित्यपूर, सरायकेला–खरसाँवा, जो एक निजी संस्थान है, द्वारा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से निर्गत एम0बी0बी0एस0 की 100 सीटों के संचालन के लिए अनुमति पत्र उलब्ध कराया गया है। उक्त सीटों का वर्त्तमान शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु निम्नरूपेण विभाजन किया गया है:–

पण झारखण्ड राज्य के लिए छात्र / छात्राओं के लिए – 25 प्रतिशत
पपण अखिल भारतीय से Qualified छात्र / छात्राओं के लिए – 60 प्रतिशत
पपपण NRI द्वारा संरक्षित छात्र / छात्राओं के लिए – 15 प्रतिशत

राज्य कोटा के अंतर्गत कोटिवार सीटों का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | संस्थान का नाम | कुल सीटों की संख्या | 15% अखिल भारतीय कोटा | सेन्ट्रल नोमिनी हेतु सीटों की संख्या | राज्य कोटा के लिए चिन्हित सीटें | राज्य कोटा के अन्तर्गत कोटिवार सीटों की संख्या | | | | | | निःशक्त जनों के लिए क्षैतिज आरक्षित सीटों की संख्या (5%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | UR 40% | EWS 10% | SC 10% | ST 26% | BC-I 8% | BC-II 6% | |
| 1 | नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सरायकेला–खरसाँवा | 100 | — | — | 25 | 11 | 02 | 03 | 06 | 02 | 01 | अंधापन और कम दृष्टि–01 |

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि उपर्युक्त विवरण के आधार पर नेताजी सुभाष चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, आदित्यपूर सरायकेला–खरसाँवा में वर्त्तमान सत्र में

नामांकन के संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्गत परिपत्र/प्रावधानों के तहत निर्धारित समय सीमा के अन्दर साक्षात्कार आयोजित कर नामांकन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

11/09/25

**(आनन्द कुमार सिन्हा)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक –09/नामांकन–02–05/2017...351(9) राँची, दिनांक...11.09.2025

प्रतिलिपि : निदेशक, रिम्स, राँची/निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, राँची/ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/09/25

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक –09/नामांकन–02–05/2017...351(9) राँची, दिनांक...11.09.2025

प्रतिलिपि : श्री मदन मोहन सिंह, अध्यक्ष, नेताजी सुभष चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, आदित्यपुर, सरायकेला–खरसॉवा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/09/25

सरकार के अवर सचिव।